# नगर निगम बीकानेर

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :— 2226906, फोन :— 0151—2226902, 0151—2226905

**E-mail**—: nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site www.bikanermc.org


क्रमांक / ई.गा.रो.यो / 2022 / 16320-22 दिनांकः— 15/09/22

## आम सूचना

मुख्यमंत्री बजट धोषणा वर्ष 2022—23 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा प्रारम्भ की जाने वाली "इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना" (IRGY-Urban) के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रबन्धन हेतु स्वायत शासन विभाग जयपुर के आदेश क्रमांक / एस्ट / एम / एफ.10( )/ आरएमएस(टी) / डीएलबी / 2022 / 3692—4573 दिनांक 31.05.2022 एव समय—समय पर जारी दिशा—निर्देशों की पालना में बीकानेर जिले की समस्त नगर निकायों यथा नगर निगम बीकानेर, नगर पालिका श्रीडूंगरगढ, देशनोक, नोखा, खाजुवाला हेतु संविदा पदों पर भर्ती हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 2022 / 13674 दिनांक 11.07.2022 द्वारा विज्ञपित जारी कर आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

शहरी रोज़गार सहायक के पदों के लिये प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच उपरान्त निर्धारित न्युनतम शैक्षणिक योग्यता के प्राप्त अंको के आधार पर तैयार की गई अस्थाई वरियता सूची में सम्मलित अभ्यर्थियों में से मैरिट के आधार पर तैयार मैरिट सूची एवं प्रतिक्षा सूची नगर निगम बीकानेर वेबसाईट www.bikanermc.org पर ऑनलाईन अपलोड / जारी की जा चुकी है। उक्त वेबसाईट पर अपलोड / जारी शहरी रोजगार सहायक की मैरिट सूची एवं प्रतिक्षा सूची में सम्मिलत अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन हेतु दिनांक 17.09.2022 व 18.09.2022 को अपने शैक्षिक / प्रशैक्षिक व आवश्यक अन्य समस्त दस्तावेजों की मूल एवं एक—एक सत्यापित प्रति सहित कार्यालय नगर निगम बीकानेर के सभागार में प्रातः10.00 से सांय 5.00 बजे तक आवश्यक रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

नोटः—

1. दस्तावेज सत्यापन हेतु जारी मैरिट सूची / प्रतिक्षा सूची किसी भी अभ्यर्थी के चयन / नियुक्ति / पात्रता का आधार नही होगी।
2. उक्त निर्धारित तिथियों को दस्तावेज सत्यापन से अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन का पुनः अवसर प्रदान नही किया जायेगा।
3. उक्त निर्धारित तिथ्यिों व निर्धारित समय के पश्चात् उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन नही किये जायेगें।
4. किसी भी अभ्यर्थी को दस्तावेज सत्यापन हेतु पृथक से सूचना / पत्र प्रेषित नही किया जायेगा। समाचार पत्र / विभागीय वेबसाईट के माध्यम से प्रसारित सूचना के आधार पर ही अभ्यर्थी सत्यापन हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।
5. नियमानुसार एवं विभागीय निर्देशानुसार विज्ञापित पदों हेतु निर्धारित शैक्षिक / प्रशैक्षिक योग्यता अनुसार पात्र पाये गये अभ्यर्थियों की पात्रता अन्तिम वरियता सूची पृथक से जारी की जावेगी।

आयुक्त
नगर निगम बीकानेर

क्रमांक / ई.गा.रो.यो / 2022 / 16320-22 दिनांकः— 15/09/22

प्रतिलिपिः—

1. श्री सुमेर सिंह, मुख्य लेखाधिकारी / श्री आसिफ कोहरी, सहा.लेखाधिकारी / श्री राजेन्द्र राय, संविदा कर्मी को निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 17.09.2022 एवं 18.09.2022 को कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त अभ्यर्थीयों के दस्तावेज सत्यापन करना सुनिश्चित करें।
2. श्री / श्रीमती / सुश्री .............................................................................. को सूचनार्थ।
3. सम्पादक, राजस्थान पत्रिका / दैनिक भास्कर को भेजकर कर लेख है कि उक्त सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में आगामी अंक में कम से कम स्थान में प्रकाशित कर भुगतान विपत्र प्रेशित करें।

आयुक्त
नगर निगम बीकानेर